# जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, ई-फाइलों के समयबद्ध निपटारे, बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जिले में शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। संपर्क पोर्टल, जन सुनवाई और ई-फाइलिंग की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

**योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश:–** जिला कलेक्टर ने मंगला पशु बीमा योजना में पंजीयन बढ़ाने, शत-प्रतिशत पेंशन सत्यापन, राइजिंग राजस्थान के तहत एमओयू की मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 की डीपीआर को अनुमोदित करते हुए स्वास्थ्य विभाग को सीएचसी, पीएचसी और उप जिला अस्पतालों के लिए भूमि आवंटन के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं, लोकायुक्त, मानावाधिकार आयोग, राजस्थान अनुसूचित जाति, जन जाति आयोग के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने तथा शिक्षा विभाग को 4 मई को होनी वाली नीट परीक्षा की केन्द्रीय विद्यालय के परीक्षा समन्वयक से समन्वय कर परीक्षा का सम्पादन करने के निर्देश दिये।

**लाइट्स पोर्टल पर लंबित मामलों का निस्तारण जरूरी:–** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लाइट्स पोर्टल और विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने आयुर्वेद, सहकारिता, शिक्षा, वन, नगर परिषद और आबकारी विभाग द्वारा लाइट्स पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट करने के निर्देश दिये।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारी जुड़े रहें।

## ‘उपभोक्ता डिजिटल लेनदेन में अत्यधिक सावधानी बरतें’

**चूरू** (निसं)। दी चूरू सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा व मोबाइल बैंकिंग सुरक्षा पर सोमवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड जी. एल निर्वाण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व बैंक के प्रबंध निदेशक मदन लाल शर्मा ने की।

वहीं विशिष्ट अतिथि सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार डॉ. सुनील मंडिया, विशेष लेखा परीक्षक निशा कुमारी, साइबर पुलिस थाना के आईटी ऑफिसर महावीर सिंह, हैड कांस्टेबल राजू सहारण, कांस्टेबल हरीश चौधरी थे। इस अवसर पर साइबर पुलिस थाना के महावीर सिंह ने साइबर अपराधों की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि फिशिंग ईमेल, क्यूआर कोड, धोखाधड़ी, मोबाइल स्क्रीन शेयरिंग स्कैम्स, डिजिटल गिरफ्तारी, फ्रॉड व सोशल मीडिया के माध्यम से की जा रही ठगी पर बल देते हुये इनसे सावधान रहने की सलाह दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये डीडीएम नाबार्ड जी. एल निर्वाण ने डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतें और अत्यधिक सतर्क रहने की जानकारी दी।

## सार-समाचार

### दिनदहाड़े गहने व नगदी चोरी

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में लगातार हो रही चोरियों का पुलिस खुलासा ही नहीं कर पाई कि अज्ञात चोर फिर दिनदहाड़े चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे है। कस्बे के वार्ड 5 स्थित नरसी लाल ओमप्रकाश मेमोरियल विद्यालय के पास दिनदहाड़े लक्ष्मी पत दर्जी के घर पर अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषण व नगदी चुरा कर ले गए। घटना के समय परिवारजन घर बंद करके दो घंटे के लिए अपने चाचा के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। पीछे से दो घंटे के दौरान ही अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर अलमारी व कमरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषणों व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पत अपने चाचा गोकुलचंद दर्जी के घर दो घंटे के लिए परिवार सहित बनोरे में शामिल होने के लिए घर बंद करके गए थे। लक्ष्मी पत के भाई पुरषोतम दर्जी ने बताया कि दोपहर 2 बजे बाद जब घर पहुंचे तो घर के मैन गेट का दरवाजा खुला होने पर किसी अनहोनी का अंदेशा हुआ। घर में प्रवेश करने पर कमरे व अलमारी के ताले टूटे हुए थे तथा अलमारियों का सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर अलमारी का ताला तोड़कर सोने की गले का नेकलेस, सोने की चैन, अंगुठी, तीन सोने की मुर्ति, नथ, चांदी की पायल की जोड़ी दो, चांदी का कनोला, 10 से 12 चांदी के सिक्के, दो सौ ग्राम पुरानी चांदी व दस हजार रुपये नगद चुरा कर ले गए। घटना का पता चलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों का कोई पता नही लगा है न ही चोरी की घटना का पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है।

### वाटर कूलर का लोकार्पण

**झुंझुनूं,** (निसं)। सेठ मोतीलाल शिक्षण संस्थान पूर्व छात्र समिति के तत्वावधान में एसएमएल कॉलेज में एक बड़ी साइज का वाटर कूलर कॉलेज के साइंस ब्लॉक में शारदादेवी गाडिया धर्मपत्नी पवनकुमार गाडिया के आर्थिक सहयोग से प्रदत्त का विधिवत उद्घाटन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर एसएमएल एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल, सचिव सीए पवन केडिया, सह सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान, सदस्य सत्यदेव दडिया एवं दानदाता परिवार से शारदा देवी पवन कुमार गाडिया, अनिता गौरव गाडिया, केशव गाडिया, एसएमएल कॉलेज प्राचार्य राजेश निर्वाण, बबिता जांगिड, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. नरेंद्र शर्मा, सुभाष सैनी, अभिलाषा शर्मा सहित अन्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल ने दिया। जबकि सभी आगंतुकों का धन्यवाद सीए पवन केडिया ने ज्ञापित किया। विदित है कि कॉलेज मुख्य द्वार पर एलुमनी एसोसिएशन के तत्वावधान में कॉलेज के पूर्व छात्र कौशल खंडेलिया के सौजन्य से एवं लॉ कॉलेज में कैलाशचंद्र बंका के सौजन्य से शीतल जल मंदिर विगत छह वर्षों से संचालित है। सोमवार को जो वाटर कूलर लगाया गया है। वे दानदाता पवन कुमार गाडिया भी कॉलेज के पूर्व छात्र है। प्राचार्य डॉ. राजेश निर्वाण ने एलुमनी एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा कि वे समय समय पर कॉलेज में पूर्व छात्रों के सहयोग से सेवा के कार्य करते रहते हैं।

### भागवत कथा आयोजित

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के टांटिया अस्पताल के पीछे वार्ड नो स्थित घिंटालिया बास में सांखला परिवार के सौजन्य से चल रही भागवत कथा में नोखा की कथा वाचक सुश्री मोनिका पारीक ने कहा कि संसार में धर्म की हानि होने पर पापाचार बढ़ता है, और मनुष्य की बुद्धि विकृत हो जाती है। ऐसे में यदि व्यक्ति भगवत भजन और भागवत कथा की ओर अग्रसर होता है, तो मन में ज्ञान व शांति उत्पन्न होती है। आज संसार में धर्म की स्थापना का मूल मंत्र भागवत कथा ही है। भागवत रूपी ज्ञान गंगा में अवगाहन करने से मनुष्य जाने अनजाने में किए गए पाप कर्मों से छुटकारा पाकर परम तत्व और मोक्ष की प्राप्ति सरलता से कर लेता है। पारीक ने आगे कहा कि भागवत कीर्तन तथा ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आव्हान किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान केशर मल, रामेश्वर लाल सांखला, पार्षद ललित सांखला, कमल, प्रकाश, शंकर लाल राकसीया, मदन लाल गौड़, रामदेव गहलोत, जोरा राम कांकरिवाल, पार्षद मनोज सिंघाटिया, दीपक सांखला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की। इस अवसर पर कथा आयोजक केशर मल रामेश्वर लाल सांखला ने 51 हजार रुपये तथा 11 हजार रुपये भंवर लाल सांखला ने गौशाला में गौ आहार के लिए भेंट किए।

### जरूरतमंदों को भोजन कराया

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा स्वर्गीय त्रिलोकचंद जालान एवं भागीरथीदेवी जालान की स्मृति में श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई इंदिरा नगर में जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुमेरसिंह कर्णावत, सुभाषचंद्र जोशी, प्रमोदकुमार शर्मा, शक्ति सिंह, विमल कुमार जांगिड, प्रमिला शर्मा, बिहारीलाल सैनी, मुबारक अली पहाड़ियान, चंद्रमोहन अग्रवाल, रामगोपाल शर्मा, राजदीप महर्षि, रमेशचंद्र शर्मा, अकराज कुरैशी, प्रदीप कुमार शुक्ला व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे ज्ञात रहे कि हर अमावस्या को भोजन कराया जाता है।

### निःशुल्क बैडशीट वितरण कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी स्वर्गीय सत्यनारायण सागरमल मोदी के चंद्रकांत मोदी एवं परिवार के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों को निशुल्क बैडशीट वितरण कार्यक्रम चूणा चौक रानी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। स्कूल सचिव परमेश्वर हलवाई ने मुंबई प्रवासी दानदाता मोदी परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे जरूरतमंद लोगों के लिए इस प्रकार के पुनीत कार्य करने की सोच रखते हैं। इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल तुलस्यान, प्रिषा तुलस्यान, एबीएन स्कूल प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा एवं स्कूल स्टाफ सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर कुर्सियां लगाई

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। समीपवर्ती गांव खींवासर में सुपुत्रों द्वारा अपने पिता की यादगार में प्रथम पुण्यतिथि पर सार्वजनिक स्थल पर कुर्सियां लगाई गई और श्रद्धांजलि का कार्यकम हुआ। स्व. बजरंगलाल मूंड की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र संजीव और अजीत मूंड द्वारा खींवासर मुक्ति धाम में सीमेंट की दो कुर्सियां भेंट की गई और श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा। इसके अलावा छावसरी स्थित श्रीराम गौशाला में 40 मण तूडा भी दान किया गया। इस कार्यक्रम में इंदिरा देवी धर्मपत्नी स्व. बजरंगलाल मूंड, सोनू देवी, आरती देवी, प्रियांशु, वेदांशु, धर्मपाल मूंड, सतवीर मूंड, राजेश मूंड, बलबीर, नरेश जाखल, महिपाल, विक्रम सीथल, वीरेंद्र, हरिसिंह, अनिल मूंड अनेक लोग मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की

**झुंझुनूं,** (निसं)। वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड से जयपुर में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मदन राठौड़ ने आश्वस्त किया कि झुंझुनूं में डबल इंजन सरकार विकास को लेकर गंभीर है जनहित का कोई भी काम हो उसे प्राथमिकता से पूरा करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस अवसर पर ब्राह्मण नेता रामचंद्र शर्मा पाटोदा, भाजपा नेता जितेंद्र शर्मा सांखू, योगेंद्र चौधरी, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीकर** (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में बाल विवाह रोकथाम के लिये जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। चाईल्ड हेल्पलाइन सीकर के जिला समन्वयक राहुल दानोदिया ने बताया कि आगामी अक्षय तृतीया जैसे अबूझ मुहूर्त पर होने वाले बाल विवाहो के रोकथाम के लिये चाईल्ड हेल्पलाइन ने जागरूकता कार्यक्रम चलाया हैं। सोमवार को मदनी मिडिल मदरसा के बच्चों एवं अध्यापकों को बाल विवाह से बच्चों पर से होने वाले शारीरिक व मानसिक पड़ने वाले प्रभावों से अवगत करवाया एवं बाल विवाह अधिनियम 2006 के बारे मे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले हलवाई, पंडित, फोटोग्राफर, बाराती, टेंटवाला सभी को इस अधिनियम में 2 साल की सजा का प्रावधान है। मदरसा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल ने चाईल्ड हेल्पलाइन की सेवाओं की सराहना की और बच्चों एवं अध्यापकों से आग्रह किया की आपके आस-पास कही भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले या बाल विवाह होता दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना जिला प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देवें। कार्यक्रम में उपस्थित चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर राकेश चिराणिया व गायत्री सेवा संस्थान से जिला समन्वयक नरेश सैनी आदि मौजूद थे।

### बच्चे को बालश्रम से मुक्त करवाया

**सीकर** (निसं)। चाईल्ड हेल्पलाइन सीकर के जिला समन्वयक राहुल दानोदिया ने बताया कि चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम व मानव तस्करी विरोधी इकाई ने मिलकर हरदयालपुरा में होटल दिलखुश जगदम्बा में एक बालश्रमिक बच्चे को बालश्रम से मुक्त करवाया। बच्चा होटल पर बालश्रम करता पाया गया, जिसमें बच्चे की उम्र 16 वर्ष है, बच्चें से पूछताछ की तो बच्चे ने बताया कि 14 घण्टे मजदूरी करवाकर 9 हजार रूपये महिना देना बताया, फिर बच्चे का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालाण के समक्ष पेश कर बच्चे को परमार्थ सेवा संस्थान में प्रवेश दिया गया और होटल दिलखुश जगदम्बा के मालिक सुरेन्द्र के खिलाफ दादीया थाना सीकर में मुकदमा दर्ज करवाया गया। इस दौरान मानव तस्करी विरोधी इकाई से प्रभारी एस.आई. कृतिका सोनी, हेड कॉन्स्टेबल रेखा, मनोज दादीया थाने से कृष्ण कुमार व चाईल्ड हेल्पलाइन सुपरवाईजर सुनिता, ममता सैनी व गायत्री सेवा संस्थान के समन्वयक नरेश सैनी मौजूद रहें।

### डॉ. जुल्फिकार को विवेकानंद प्राइड अचीवर्स अवार्ड

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के निकटवर्ती भीमसर गांव के निवासी युवा लेखक और शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को विवेकानंद प्राइड अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर देश-विदेश में पिछले कई सालों से शोध कार्य करने वाले शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को यह सम्मान वेलरेड फाउंडेशन पश्चिम बंगाल की ओर से आयोजित वर्चुअल सम्मान समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी कायत और श्रावणी कायत सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दिया गया। उन्हें यह सम्मान विवेकानंद पर शोध एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को इससे पहले भी देश-विदेश में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षा, समाजसेवा, विवेकानंद पर पुस्तक सृजन व रिसर्च कार्यों के लिए अनेक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। इस सम्मान समारोह में कला, साहित्य, संस्कृति, शोध एवं समाजसेवा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 32 प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया।

### सैन जयंती मनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। चूणा चौक स्थित सैन मंदिर में सैन जयंती मनाई गई। फुटला बाजार से डीजे के साथ ध्वज पदयात्रा रवाना हुई और शहीदान चौक, नेहरू मार्केट, गांधी चौक, छावनी बाजार, चूणा चौक होते हुए सैन मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने सैन महाराज को ध्वज निशान अर्पित किए। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान सैन समाज के सुशील श्यामडीवाल, मांगीलाल सैन, सुशील सैन, दिलीप श्यामडीवाल, माणकचंद, सुमित बागोरिया, जगदीश श्यामडीवाल, संजय, योगेश, महेश, शंभूदयाल, अमित, विमलेश, बंटी, नरेंद्र, मनोज, सुनील, अशोक, वेदप्रकाश, अर्जुन सैन, सतीश, अशोक बागोरिया, रामावतार, सोहन आदि मौजूद रहे।

### उप मुख्यमंत्री आज रामगढ़ शेखावाटी आएंगी

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी 29 अप्रेल मंगलवार को सीकर जिले के रामगढ़ शेखावाटी आएंगी। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी झुंझुनूं से 12.30 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे रामगढ़ शेखावाटी पहुंचेंगी जहां शेखावाटी की प्राचीन हवेलियों का अवलोकन करेंगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी रामगढ़ शेखावाटी से अपराह्न 3 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगी।

### हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**चूरू** (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के विरोध में पिपुल युनिटी संस्थान व सेराजेम सेंटर की ओर से सोमवार को विरगति को प्राप्त हुए पर्यटकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष रघुनाथ खेमका, सेराजेम सेंटर की संचालक मंजू देवी, दलीप सिंधी, महमुद खान, मुकेश शर्मा, देवकीनंदन, योगेष्वर शर्मा, प्रभाकर जांगिड, सोहेल खान आदि उपस्थित थे।

### काटली नदी बचाने का दिया ज्ञापन

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधायक राजेन्द्र भांबू को काटली नदी बचाने व इसके संरक्षण की मांग का ज्ञापन दिया गया। सरस्वती रूरल एंड अरबन डवलपमेंट सोसायटी झुंझुनूं द्वारा जारी काटली नदी बचाओ जन अभियान सयोंजक सुभाष कश्यप ने जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में झुंझुनूं विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पेश कर राज्य की सभी नदियों व जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर स्थाई समाधान की मांग की।

## युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ तहसील के गांव किरताण की रोही में एक खेत में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड से लटका हुआ मिला है। शाम छः बजे दी जानकारी में अज्ञात व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। सूचना मिलते ही हमीरवास थाना अधिकारी जयकुमार भादू पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना का मौका निरीक्षण किया। शव के पास से कोई भी पहचान से संबंधित दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि शव को मोर्चरी रूप में रखवाने के बाद हरियाणा क्षेत्र के सीमावर्ती थानो में घटना की जानकारी दी गई तथा उम्र तक की फोटो सोशल मीडिया ग्रुप में भी डाली गई लगातार प्रयासों के बाद मृतक की शिनाख्त रविंद्र पुत्र राम कुमार जाट (42) निवासी गांव इसरवाल भिवानी हरियाणा के रूप में की गई। मृतक रविंद्र मानसिक रूप से परेशान था तथा अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। माता का निधन हो गया तथा परिवार में बुजुर्ग पिता और उसकी पत्नी है। तथा बिना बताए ही घर से निकल गया था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

## राष्ट्रीय कुम्हार महासभा की जिला महापंचायत हुई, कई मुद्दों पर चर्चा हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा की जिला महापंचायत गुरियों की बगीची पीपली चौक में आयोजित की गई। सबसे पहल पहलगाम में मारे गए पर्यटको की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद दक्ष प्रजपाति एंव मॉ श्रीयादें की चित्र पर दीप प्रज्जवल एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम के संयोजक अशोक प्रजापति ने बताया कि महापंचायत समाज में शिक्षा, संगठन एवं राजनीतिक चर्चा करके इनमें मजबूती लाने के लिए की गई है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के मंत्री प्रहलाद राय टांक, बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत, ओबीसी प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, महिला प्रकोष्ठ महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित वर्मा, विशिष्ट अतिथि विनोद प्रजापति पूर्व सरपंच मलसीसर, चिरंजीलाल कुमावत जिलाध्यक्ष, रामेश्वरलाल एडवोकेट चूरू, श्रीराम गुरी जिला उपाध्यक्ष, हरिराम दादरवाल, भाजपा जिला मंत्री महेंद्र चंदवा रहे। इस मौके पर चंपालाल गेदर ने बताया कि समाज में शिक्षा महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके लिए समाज के बच्चों को माता-पिता उन्हें सही रास्ता दिखाएं। जिससे वह आगे बढ़कर ऊंचे-ऊंचे पदों पर जाकर अपने माता-पिता एवं समाज का नाम रोशन कर सके। प्रहलाद राय टांक ने बताया कि हमारे समाज में शिक्षा का स्तर धीरे-धीरे ऊंचा बढ़ता जा रहा है। यूपीएससी के रिजल्ट में समाज के पांच बच्चों ने आईएस की परीक्षा पास की है तथा झुंझुनूं की बेटी ज्योति कुमावत को 433वीं रैंक आने पर बधाई दी तथा समाज के युवा पीढ़ी को राजनीतिक क्षेत्र में आगे आकर भाग लेना चाहिए तथा सभी समाज के व्यक्ति से आग्रह किया कि वे जो युवा राजनीति में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उनको समाज के लोगों द्वारा प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ना चाहिए। जिससे वह समाज सुधार के लिए कार्य कर सके तथा समाज की आवाज को विधानसभा तक ले जा सके।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदनलाल प्रजापत ने बताया कि मैं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन करता हूं तथा जो भी हुआ मुझे कार्य के लिए बोलता है। मैं आधी रात को उसके साथ खडा हूं तथा जब भी आपको मेरी जरूरत पडे बेझिझक में पास आकर बोले मैं उनके काम करने लिए तत्पर रहूंगा। मंच का संचालन राजेंद्र मोरवाल ने किया। इस मौके पर सुशील प्रजापति, पिंटू कुमावत, डॉ. अशोक कुमावत, हरि कुमावत, डॉ. संजय कुमावत, कैलाश कुमावत, महेंद्र सिरस्वा, मूलचंद किशोरपुरा, ताराचंद मैनास, ओमप्रकाश दादरवाल, बाबूलाल लालपुरिया, गिरधारी सिरस्वा, राजूराम किरोडीवाल, राधेश्याम पिलानी, महेंद्र डंडारिया, सांवरमल टांक, राजेश जलिंद्रा, श्रवण किरोड़ीवाल, रतन, ऋतिक, टीकूराम, महेंद्र दादरवाल, कन्हैयालाल बिंवाल, मांगीलाल, रोहन सैनी, हितेश खीचड आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आर्या विद्यालय परिवार ने वार्षिकोत्सव मनाया

**रतनगढ़,** (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित प्रतिष्ठित आर्या पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव संत निवृतिनाथ महाराज के सान्निध्य मे मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, पूर्व पालिकाध्यक्ष सन्तोष बाबू इन्दौरिया, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह फ्रांसा कांग्रेस वरिष्ठ नेता रमेश इन्दोरिया मंचस्थ अतिथि थे।

कार्यक्रम में संत निवृतिनाथ महाराज ने कहा कि सदाचार का व्यक्ति के जीवन में बडा महत्व है। सदाचार व्यक्ति को चरित्रवान बनाता है, सामाजिक मर्यादाओं में रहकर जीवन जीना सीखाता है। सदाचार से जीवन में प्रगति होकर आत्मबल मिलता है, यदि हम इस गुण को जीवन में समाहित करले तो सफलता निश्चित मिलती है। हमारी सनातन संस्कृति हमें सदाचार सिखाते हुए अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा देती है। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक महर्षि ने शाला को बधाई देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। स्कूल के संरक्षक शिक्षाविद् अम्बिका प्रसाद शर्मा ने शाला का परिचय देते हुए कहा कि इंसान का गुण एकांत में अच्छी तरह से विकसित होता है, लेकिन चरित्र का निर्माण हमेशा संसार के भीतर समाज के बीच होता है। जिस प्रकार चांदी अग्नि में शुद्ध होती है, उसी प्रकार व्यक्ति का चरित्र भी उसके जीवन के कठिन समय में आकार लेते हुए बनता है, ज्ञान आपको शक्ति देगा लेकिन चरित्र हमेशा सम्मान देगा।

विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य अंबिका तिवाड़ी, सचिव डॉ. अनुराग हारित ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिथियों व नगर के गणमान्य जनों का दुपट्टा, माला पहना व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों का भी विद्यालय में सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार गोयल, बालकृष्ण गोस्वामी, राजेंद्रसिह बिदावत, प्रोफेसर कल्याणसिंह, संदीप व्यास, मोतीलाल तातेड, कुलदीप व्यास, वासुदेव चाकलान, काशी प्रसाद झंवर, भोलाराम झंवर, सतीश हारित, रामदेव चंदनिया, उम्मेद मिश्रा, रामवीर राईका, भरत, दामोदर, कुणाल शर्मा, भानुप्रकाश इन्दोरिया, राजकुमार चौधरी,कपिल हारित, रवि इन्दोरिया, आशुतोष हारित, दीपक डिडवानिया, रेखा पारीक, उषा, पल्लवी, नेहा, चेतना, मेहरीन, लुरिन, यशोदा, सुमन छात्र -छात्रा व गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन शुभानी महर्षि, वीरेंद्र चारण ने सयुक्त रूप से किया।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर नेशनल हाइवे 11 राजाणा जोहड़े के पास सोमवार सुबह करीब 7 बजे के आस पास स्कार्पियो व दूध के टैंकर की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी जिसमें स्कार्पियो में सवार कुल्हरी का बास तहसील पिलानी निवासी 65 वर्षीय मां उर्मिला और 43 वर्षीय बेटे अमित कुमार की मौत हो गयी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के आगे से परखच्चे उड गए तथा चालक अमित का शव करीब एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से बाहर निकलवाया गया। दोनों शवों को राजलदेसर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गया दोपहर को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार मृतक पेशे से वकील था वह पूर्व में भार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। निजी कार्य से बीकानेर जा रहे थे। वहीं मौके से टैंकर चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया।

## मोटे अनाज व हरी सब्जियों का अत्यधिक सेवन करें : सी.डी.पी.ओ.

**चूरू** (निसं)। बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से 8 से 22 अप्रैल तक हुए सप्तम पोषण पखवाड़े का समापन सोमवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी चूरू-ग्रामीण कार्यालय में समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह ने की।

वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह व वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र कुमार महर्षि थे। इस अवसर पर सीडीपीओ शिवराज सिंह ने बताया कि जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केंद्रित करने, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का लोकप्रियकरण करने, सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन करने व बच्चों में मोटापे से निपटने के लिए स्वास्थ्य संबंधित जीवन शैली अपनाने की थीम पर रेसिपी तैयार की गई।

उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक भोजन करना चाहिए, इसमें मोटे अनाज व हरी सब्जियों का विशेष ध्यान रखना चाहिये। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने थीम आधारित गतिविधियों पर रंगोली सजाई और पोषण आधारित रेसिपी का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 42 आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक जयकोर, ज्योति वर्मा, शीतल बत्रा, सुदेश कंवर, संजु कंवर, मंजु कुमारी जाट, कनिष्ठ सहायक बालू सिंह व जुहारमल शर्मा आदि उपस्थित थे।



चूरू में बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पोषण पखवाड़े के समापन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।


राजस्थान सरकार

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़, चूरू (राज.)

क्रमांक :– न.प.स/स्टोर शाखा/2025–26/659 दिनांक :–25.04.2025

निविदा / निलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण / इच्छुक फर्म / बोलीदाताओ / संवेदको को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद सुजानगढ़ द्वारा वर्ष 2025–26 में नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित निजी भवन / भू–खण्ड एवं प्रतिष्ठानों पर विज्ञापन टैक्स वसूली हेतु ठेका / निलामी दिनांक 02.05.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक नगरपरिषद मिटिंग हॉल में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत / धरोहर राशि नगरपरिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। निलामी से संबंधित शर्ते निलामी से पूर्व किसी भी कार्यादिवस में नगरपरिषद सुजानगढ़ कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | न्यूनतम बोली | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगरपरिषद क्षेत्र में निजी भवन/प्रतिष्ठानों पर विज्ञापन टैक्स वसूली कार्य | 25000 | 200000 | वर्ष 2025 – 26 |

नोट :– निलामी ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगरपरिषद के पास सुरक्षित रहेगा।

राज.संवाद/सी/25/1459 सभापति आयुक्त

